आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 17 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# टीपीसी के दो हार्ड कोर उग्रवादी को हजारीबाग पुलिस ने पकड़ा

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग पुलिस ने टीपीसी के दो कुख्यात उग्रवादी सब जोनल कमांडर दिनेश जी उर्फ दिनेश राम और सक्रिय सदस्य बबलू रविदास को गिरफ्तार किया है। दोनो टीपीसी के कोर कमेटी के सदस्य है और हजारीबाग, रांची, चतरा और रामगढ़ जिले के पुलिस के लिए सिरदर्द बने थे। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने प्रेस कॉफ्रेंस कर बताया की गुप्त सूचना मिली थी की टीपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर दिनेश जी उर्फ दीनेश राम उर्फ रवि राम पिता स्व लालदेव राम सा- नारायण घोड़ा, थाना खलारी, जिला रांची अपने साथियों के साथ कोलकत्ता एवम् पूरी घूमने का प्लान बनाए हैं। एसडीपीओ बड़कागांव अनिल सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित किया, जिसमें पुलिस निरीक्षक बड़कागांव श्याम चंद्र सिंह, विनोद तिर्की थाना प्रभारी बड़कागांव, पुअनी शैलेंद्र कुमार एवं अन्य थाना प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, तकनीकी शाखा, नक्सल शाखा तथा सशस्त्र बल शामिल थे। जब उपरोक्त उग्रवादी पाकुड़ शिकारीपाड़ा होते हुए स्विफ्ट मारुति एवं स्कॉर्पियो से तारापीठ जा रहे थे इसी क्रम में गठित टीम ने उनके चालक एवं तीन अन्य सदस्य को पकड़ा। इस टीम में से दिनेश राम, बबलू रविदास एवं मनोज मुंडा भागने में सफल रहे। गत 15 एवं 16 सितंबर की रात्रि में सूचना प्राप्त हुई कि भागे हुए दिनेश राम और



बबलू रविदास बड़कागांव के झकझोर स्कूल में छुपे हुए हैं तथा अपने दस्ता के आने का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर गठित टीम द्वारा बड़कागांव थाना क्षेत्र के झिक झोड़ स्कूल पहुंचकर दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। नाम पता पूछे जाने पर यह लोग अपना नाम टीपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर दिनेश जी उर्फ दिनेश राम पिता स्वर्गीय लाल देव राम सा - नारायण घोड़ा, थाना खलारी, जिला रांची एवं संगठन के सक्रिय सदस्य बबलू रविदास पिता अशोक राम सा - शांति नगर, खलार बताया गया। साथ ही साथ अपने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बड़कागांव थाना अंतर्गत बालू घाट नया टांड़ पर लेवी न देने के कारण गोली चलाने का बताया गया। इन पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 223/22 एवं बड़कागांव थाना कांड संख्या 220/ 22 अंकित है। इसके अलावे इन लोगों के विरुद्ध अन्य थानों में भी दर्जनों मामले दर्ज है। इसके साथ ही इनके द्वारा वर्ष 2021 में छठ पर्व के दिन केदार ठाकुर की हत्या को अंजाम दिया गया था।

**छापामरी दल में**

एसडीपीओ बड़कागांव अमित कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर आरिफ इकराम, पुलिस निरीक्षक बड़कागांव श्याम चंद्र सिंह, थाना प्रभारी बड़कागांव विनोद तिर्की, पुअनि शैलेंद्र कुमार, नायल गुडविन, कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी, डाडी कला ओपी प्रभारी मणिलाल सिंह समेत सीआरपीएफ 22 बटालियन के पदाधिकारी एवं बल के साथ तकनीकी शाखा नक्सल शाखा के कर्मी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

**अपराधिक इतिहास**

गिरफ्तार उग्रवादियों पर अलग-अलग थानों में दर्जनों मामले दर्ज है। बुढ़मू थाना में 48/20, 30/21, 62/21, 73/21, 83/21, 5/22, 15/22, 49/22 दर्ज हैं। इनके अलावा पिपरवार थाना में 16/20, 38/22, 39/16, टंडवा थाना में 52/21, 58/21, 60/21, केरेडारी थाना में 100/22, 20/16, 52/16, 94/16, 13/19, 111/21, 118/21, बड़कागांव थाना में 220/22 और खलारी थाना में 21/21दर्ज है।

## फर्जी नंबर की कार के साथ 5 धराये

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा पुलिस ने थाना क्षेत्र के मेघातरी के समीप से फर्जी नम्बर वाली कार बीआर01डी 3491 के साथ 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में सुल्तानगंज पटना निवासी रोहित कुमार, राजू कुमार मण्डल, विक्रांत कुमार, लखीबागी निवासी दीपक रवानी और संदीप कुमार रवानी शामिल है। इस मामले में पुलिस अवर निरीक्षक अनिल टोप्पो के बयान पर कोडरमा थाना कांड संख्या 222/22 दर्ज किया गया है। दर्ज मामले में एसआई श्री टोप्पो ने कहा है कि वह पुलिस बल के साथ बीती रात्रि को गश्ती पर थे, इसी दौरान थाना प्रभारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मेघातरी के समीप पीछा कर कार को पकड़ा। उक्त कर पर उपरोक्त 5 लोग सवार थे. जांच के दौरान वाहन का कागजात फर्जी पाया गया। पूछताछ में उपरोक्त लोगों ने बताया कि हमलोग अवैध शराब व अन्य सामानों को इस वाहन से तस्करी करते थे। पकड़े गए राजू कुमार मण्डल ने बताया कि 11 सितंबर को मेरे द्वारा संदीप रवानी को 35 हजार रुपए दिया गया और उस पैसे के बदले वह शराब दिलाने वाला था जिसे तस्करी कर बिहार ले जाना था। पुलिस ने उपरोक्त लोगों पर दूसरे के कार का फर्जी कागजात तैयार कर परिवहन करने एवं शराब की अवैध तस्करी करने का आरोप लगाया है।

## सीएचसी व पंचायतों में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत बड़कागाँव सीएचसी व विभिन्न पंचायतों में कार्यक्रम का उद्घाटन कहीं मुखिया, पंचायत समिति तो कहीं वार्ड सदस्यों के द्वारा किया गया ।वही सांढ़ पंचायत के दुर्गा मंदिर प्रांगण में लोगों से फायलेरिया मुक्त प्रखंड बनाने को लेकर पूर्व वार्ड सदस्य सह वर्तमान वार्ड सदस्य प्रतिनिधि आनन्द कुमार पासवान के द्वारा उद्घाटन किया गया। इसके अलावा बड़कागांव पूर्वी पंचायत में मुखिया विमला देवी, उप मुखिया कुमारी प्रीति ने बड़कागांव पूर्वी पंचायत में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मच्छर के काटने से फाइलेरिया फैलता है। जो बड़ा कष्टदायक होता है। जमे गंदे पानी में मच्छर पैदा होता है। जिससे सुरक्षा के लिए फाइलेरिया एल्बेंडाजोल की दवा लेना आवश्यक है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राम कुमार साव, उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष सोनी, सहिया दीदी विमला देवी, सरिता पासवान के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## पांडेयबारा में आज विश्वकर्मा पूजा सह सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**चौपारण (आजाद सिपाही)।** पाण्डेयबारा आरापगार स्थित विश्वकर्मा मंदिर में चैय विश्वकर्मा समाज द्वारा आयोजित विश्कर्मा पूजा की तैयारी पूरा कर लिया गया है। निर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियो के सम्मान में समारोह का आयोजन होगा। उक्त बातों की जानकारी देते हुए समाज के सक्रिय सदस्य राजेन्द्र राणा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भव्य रूप से पूजा का आयोजन किया जा रहा है। कहा चौपारण, इटखोरी, मयूरहंड, पदमा, बरही आदि प्रखण्ड से निर्वाचित राणा समाज के जनप्रतिनिधियो को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान नगवां निवासी प्रभात राणा द्वारा निर्देशित एलबम को भी अतिथियो द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा। मौके पर चैय विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष मिथलेश्वर राणा, कोषाध्यक्ष भीखन राणा, समाजसेवी रामलखन राणा, बिरेन्द्र कुमार राणा, बिरेन्द्र राणा, प्रभु राणा, केदार राणा, कैलाश राणा, शंकर राणा, नाथों राणा, किशोर राणा, सहित अन्य।

## तीन दिवसीय जीवितपुत्रिका व्रत प्रारंभ नहाय खाय आज

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र में जीवितपुत्रिका व्रत बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है आज नहाय खाय के साथ तीन दिवशीय जीवितपुत्रिका व्रत प्रारंभ हो गया है । बता दे कि माँ अपने बेटे की दीघार्यु की कामना से अशिवन कृष्ण पक्ष अष्टमी को 24 घंटे का अखण्ड उपवास रखकर पूजा करती है और कथा सुनती है इस वर्ष अष्टमी तिथि शनिवार को 2 बजकर 17 मिनट से लेकर रविवार शाम 4;30 बजे के अंदर है अतः जीवितुत्रिका व्रत रविवार को 4:30 बजे के अंदर पूजा कर लेना है नवमी तिथि सोमवार को अहले सुबह में पारण कर व्रत का समापन किया जाएगा इस दिन टोटी,केला,कोहड़ा,पोरवासाग, सब्जी वगेरह विभिन्न प्रकार के उपयोग होता है ।

## चोरी की घटनाओं के उद्भेदन पर थाना प्रभारी को मिल रही है बधाई

**जयनगर (आजाद सिपाहरी)।** क्षेत्र में हुई चोरी के उद्भेदन के बाद क्षेत्रवासी थाना प्रभारी को बधाई दे रहे हैं। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि यदि कोई समस्या है तो स्वयं आकर हमसे संपर्क करें। सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। किसी भी दलाल के चक्कर में ना पड़े। अपराध मुक्त जयनगर को करने के लिए हमेशा तत्पर हूं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने क्षेत्र में चोरी, डकैती, अवैध महुआ शराब बेचने वाले बिचौलियों पर विशेष ध्यान रखते हुए अंकुश लगाया। उन्होंने कहा अपराध मुक्त करना एवं जनता के समस्याओं का समाधान के लिए मैं 24 घंटा तैयार हूं।

## वाहन जांच के दौरान किया विरोध, दो गिरफ्तार

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवलशाही थाना परिसर से महज कुछ दूरी स्थित जमुनिया टांड के समीप शुक्रवार की सुबह नवलशाही पुलिस के द्वारा वाहन जांच किया जा रहा था। इस दौरान बिना नंबर के बोल्डर लादे एक हाइवा को रुकवाया गया एवं बोल्डर संबंधित कागजात की मांग की गई। जहां हाइवा चालक के द्वारा बोल्डर संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। कोई कागजात प्रस्तुत नहीं करने हैं पर नवलशाही पुलिस के द्वारा हाईवा को जप्त करते हुए थाना परिसर लाया जा रहा था। नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा ने बताया कि बिना नंबर व बिना माइनिंग चालान के एक बोल्डर लदे हाईवा को जप्त कर थाना लाया जा रहा था। इसी दौरान हाईवा से चालक द्वारा प्रशासन के साथ अभद्र शब्द का प्रयोग करते हुए प्रशासन को गाड़ी लाने में बाधा उत्पन्न करने लगे। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि हाईवा को बड़ी मशक्कत के बाद थाना परिसर लाया गया। नवलशाही थाना में 93/22 मामला दर्ज करते हुए नितेश ठाकुर (उम्र 32 वर्ष, पिता स्व सुखदेव ठाकुर, ग्राम भीमेडीह थाना नवलशाही) व मो सदाम (उम्र 30 वर्ष, पिता अनवर हुसैन ग्राम बरजो थाना राजधनवार जिला गिरिडीह) को गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया गया। जाँच अभियान में थाना प्रभारी पंचम तिग्गा, एसआई अशोक कुमार, एसआई रंजीत कुमार, एएसआई कृष्णा राम व पुलिस जवान शामिल थे।

### बड़कागांव मुख्य चौक में नो एंट्री का खुलेआम हो रहा है उल्लंघन

## बालू लदे हाइवा दिनदहाड़े कर ले रहे हैं एंट्री, पुलिस प्रशासन है मौन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव चौक में इन दिनों लगातार 1 से 2 घंटे तक जाम देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि बड़कागांव मुख्य चौक में सुबह 6:00 बजे से रात के 9:00 बजे तक बड़े वाहनों का प्रवेश निषेध है ।बावजूद इसके बड़े वाहनों का एंट्री दिनदहाड़े मुख्य चौक होते हुए किया जा रहा है। आये दिन देखा जा रहा है कि बालू लदे हाईवा और त्रिवेणी सैनिक के 6 बस एक साथ बड़कागांव मुख्य चौक में आ जाता है। जिसके वजह से घन्टो जाम हो जाता है।आज भी इसी के वजह से दोपहर 2:00 बजे से 3:30 बजे तक विशाल जाम देखा गया। जाम हो जाने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी सब्जी बाजार करने आए दूरदराज के लोगों को सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ-साथ बताते चलें कि बड़कागांव प्रखंड के सभी सरकारी गैर सरकारी विद्यालय 2:00 बजे से लेकर 3:30 बजे तक छुट्टी होते हैं और इसी बीच बड़े बड़े वाहन व त्रिवेणी सैनिक के छह बस वाहन एक साथ मुख्य चौक पर आने के वजह से प्रत्येक दिन जाम हो जा रहा है जिससे स्कूली बच्चों को अपने घर तक



पहुंचने के लिए घंटों मशक्कत करना पड़ता है। बताते चलें कि पूर्व में बड़कागांव व्यवसायिक संघ के साथ ग्रामीण जनता का बैठक थाना परिसर में हुआ था जिसमें जाम को लेकर विशेष चर्चा की गई थी। इसके साथ साथ जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने नो एंट्री का सख्ती से पालन करवाने का ऐलान किया था। परंतु इन दिनों न जाने क्यों प्रखंड पुलिस प्रशासन मौन बैठी है और जिसका फायदा बड़े-बड़े बालू लदे हाईवा वाहन सहित अन्य बड़े वाहन उठा रहे हैं। आखिर क्यों नहीं हो रही है नो एंट्री उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई प्रखंड के सभी ग्राम वासियों के जुबान पर यह चर्चा बना हुआ है।

## मुखिया गीता देवी ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया

**बड़कागांव (आजाद सिपाही) ।** प्रखंड के तलसवार पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण मुखिया गीता देवी व प्रतिनिधि संजय महतो ने किया इस दौरान मुखिया ने सभी वर्ग कक्षा में जाकर शिक्षण व्यवस्था को देखा तथा सातवीं कक्षा में उन्होंने स्वयं हिंदी की क्लास ली,बच्चों से प्रश्न भी पूछते हुए छात्र छात्राओं को हिंदी पर विशेष ध्यान देने की बात कही, उन्होंने कहा हिंदी पढ़ना सबको आनी चाहिए मुखिया ने शिक्षकों को समय पर कक्षा लेने एवं पूरी इमानदारी पूर्वक शिक्षा देने की बात कही तत्पश्चात मुखिया ने कार्यालय में जाकर शिक्षकों की उपस्थिति पंजी को देखा, वहीं मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार एमडीएम के संबंध में कहा की बच्चों को खाना मीनू के अनुसार दिया जाए। मौके पर प्रधानाध्यापक तूलेश्वर कुमार, शिक्षक बिरेंद्र कुमार, अर्जुन राम,विमल प्रसाद,मनोज राम,प्रभात कुमार, भोलेनाथ कुशवाहा, आलोमनी एकका,, उषा राणा उपस्थित थे।

### आंदोलनकारियों की पहली जीत

## हाथियों को कहीं और भगाने धरनास्थल पर पहुंची टीम

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** चलकुशा प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष 14 सितंबर से लगातार आज तीसरा दिन बीतने के बाद एक बड़ी जीत उस समय मिली, जब हाथियों को भगाने के लिए कल्लू राय की स्पेशल टीम धरना स्थल पर पहुँची। आंदोलनकारीयों ने टीम का स्वगत कर उन्हें जहाँ हाथियों की 32 की संख्या में हैं, वहाँ रवाना किया। ज्ञात हो पिछले डेढ़ माह से हाथियों का झुंड बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में उत्पात मचाये हुये है, भारी मात्रा में घरों को तोड़ डाला, फसलों को रौंद डाला। जब बीते कल डीएफओ, हजारीबाग ने इस टीम से बात किया तो भारी बारिश का हवाला देकर नहीं आने की बात की। पूर्व विधायक, बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव के आग्रह पर कल्लू राय की टीम आज पहुँची। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि अब क्षेत्र वासियों की रात की नींद जो पिछले डेढ़ माह से गायब थी, वह वापस सुकून की नींद व भयमुख्त रह सकेंगे। मौके पर गांडेय पूर्व विधायक, गांडेय विधानसभा जयप्रकाश वर्मा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, पूर्व 20सूत्री अध्यक्ष वींरेंद्र मोदी, आलोक सिंह, सुखदेव यादव, दशरथ यादव, केदार यादव, किशोरी पांडेय, महेश यादव, बींरेंद्र यादव, बलराम राणा, शिवशंकर मोदी, सलीम अंसारी, जुमराती अंसारी इल्यास अंसारी, रामजीत सिंह, त्रिवेणी मोदी, मुखिया अजय यादव, पियरी साव, मिन्हाज अंसारी, ओमप्रकाश यादव, कलीम अंसारी, आदि सैकड़ो की संख्या ने आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## बड़कागांव में हाथियों का कहर सैकड़ों एकड़ फसल को रौंदा

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पश्चिमी पंचायत में हाथियों द्वारा धान, बैंगन, ईख अन्य फसलों को रौंदने के बाद किसानों के ऊपर आर्थिक संकट मंडराने लगा है। बताते चलें कि इससे पहले बड़कागांव प्रखंड के चंदौल पंचायत व मंहुगाई कला गाँव में पिछले एक सप्ताह से उत्पात मचा रहा था। हाथियों के झुंड बड़कागांव प्रखंड में दस्तक देने से ग्रामीणों में काफी डर का माहौल बना हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो हाथियों की संख्या लगभग 10-20 बताई जा रही है। जिसमें हाथी के बच्चे भी शामिल हैं। इस संबंध में बड़कागांव वन क्षेत्र पदाधिकारी छोटेलाल साह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हमारी टीम



हाथियों को भगाने में जुटे हुए हैं ।ग्रामीण उन हाथियों को किसी तरह से छेड़े नहीं वरना हाथी और उग्र होंगे। वही इस संबंध में पश्चिमी पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता व रोजगार सेवक दीपक कुमार घटनास्थल पहुंचकर किसानों के छति हुए फसलों का मुआयना करते हुए उन्होंने किसानों की मुआवजा के लिए सरकार से मांग किए है।

## आइसेक्ट विश्वविद्यालय ने ओबीसी गर्ल्स स्कूल में किया विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित विश्वरंग कार्यक्रम के तहत आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की ओर से शुक्रवार को ओबीसी गर्ल्स स्कूल, मटवारी में अलग- अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, कविता वाचन, पुस्तकों पर केंद्रित नारे, लेखन प्रतियोगिता समेत अन्य प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा जगजाहिर की। बतौर आयोजक आईसेक्ट विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ रोजीकांत, उमा कुमारी, सीमा व एसएनके उपाध्याय कार्यक्रम में शरीक रहे और सफल संचालन में अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विद्यार्थियों में समावेशी विकास होना आवश्यक है। यही वजह है कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से विश्वरंग कार्यक्रम के



तहत राज्य के विभिन्न जिलों के अलग-अलग स्कूलों व कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित कर छिपी प्रतिभाओं को निखारने की कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की सहभागिता जहां उसके आत्मविश्वास को मजबूत करता है, वहीं उसके समावेशी विकास में भी सहायक सिद्ध होता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने भी ऐसे कार्यक्रमों के उद्देश्य का ज़िक्र करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों का भी बखुबी निर्वहन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वरंग कार्यक्रम के तहत ही आगामी 22 सितंबर से पुस्तक यात्रा की शुरूआत विश्वविद्यालय की ओर से की जा रही है, जिसका उद्देश्य किताबों की अहमियत और उसकी उपयोगिता के मायने को लोगों और विद्यार्थियों तक पहुंचाना है। मौके पर ओबीसी गर्ल्स स्कूल के प्रधानाध्यापक ने आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम के जरिए विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाएं तो सामने आएगी ही, साथ ही एक सकारात्मक संदेश भी जाएगा, जो विद्यार्थी हित के लिए लाभकारी होगा। मंच संचालन करते हुए डॉ रोजीकांत ने विश्वविद्यालय द्वारा विश्वरंग कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि विश्वविद्यालय अपनी शुरूआती दिनों से ही विभिन्न प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में प्रतिभाएं निखारने को लेकर प्रयासरत रहा है। मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के आयोजक मंडली के साथ साथ विद्यालय के सभी शिक्षक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## पंसस बिक्की खत्री ने बच्चों को खिलायी फाइलेरिया की खुराक

**इचाक (आजाद सिपाही)।** परासी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य विनय कुमार उर्फ बिक्की खत्री ने परासी स्थित बड़ा अखाड़ा आंगनवाड़ी में बच्चो को फाइलेरिया का दवा का खुराक खिलाया। इस दौरान कहा की सभी अपने बच्चो को फाइलेरिया का दवा दे, यह सुनिश्चित करें की कोई छूट न जाए। मौके पर सेविका सुशीला देवी, सहिया विमला देवी, आशा देवी, गजेंद्र प्रजापति, महेश वैध, कन्हैया प्रसाद, सोनी, विकास राम, प्रकाश राम आदि उपस्थित थे।

## स्नेहदीप होलीक्रॉस आवासीय विद्यालय में पढ़ते हैं एड्स पीड़ित बच्चे

**हजारीबाग (आजाद सिपाही) ।** सदर प्रखंड के हुटपा पंचायत के बनाहप्पा में स्नेहदीप हौलीक्रोस आवासीय विद्यालय झारखंड राज्य का इकलौता ऐसा विद्यालय है जहां एड्स पीड़ित गरीब बच्चे पढ़ते है। इस विद्यालय में राज्य के 14 जिलों हजारीबाग , चतरा, कोडरमा,लातेहार, रांची सहित कई अन्य जिले के छात्र छात्राएं पढ़ रहे है। इस विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर सिस्टर ब्रिटी ने बताया कि उनका विद्यालय वर्ष 2014 से यहां चल रहा है। विद्यालय में पहली से लेकर आठवी तक कि पढ़ाई चलती है। यहां ऐसे बच्चों को शिक्षा दी जाती है जिनकी माता पिता दोनो या माता पिता में कोई एक एड्स बीमारी से पीड़ित है। यह बीमारी उनमें होने के कारण बच्चों को भी पीड़ित कर देती है। इस मामले में आमतौर पर देखा यह गया है कि गरीब , मजदूर तबके के लोग ही इस बीमारी से पीड़ित रहते है जिनकी मौत भी कुछ वर्षों बाद हो जाती है। माता पिता की मौत होने के बाद सबसे बड़ी समस्या ऐसे बच्चों की पालन पोषण की रहती है जो गरीबी के कारण अपना इलाज नही कर पाते है। समाज भी ऐसे बच्चों के साथ अछूत जैसा ब्यौहार करती है उनके मन मे यह धारणा बनी हुई है कि ऐसे बच्चों के साथ संपर्क में आने से उन्हें या उनके बच्चों को भी यह बीमारी लग सकती है। इस बारे में सिस्टर ब्रिटो ने बताया कि ऐसे अवधारण गलत है उनके विद्यालय में एड्स पीड़ित और सामान्य बच्चों में कोई फर्क नही किया जाता है । विद्यालय में सभी बच्चे एक साथ बैठकर पढ़ते है और खाते है। पीड़ित बच्चों को एंटी रेटोवाईरल थेरेपी से इलाज किया जाता है और उनके साथ सभी बच्चे को रहने की सुविधा, खाने के साथ पोस्टिक आहार , दूध, होर्लिक्स आदि की सुविधा दी जाती है ।बच्चों की किताबें झारखंड शिक्षा परियोजना की तरफ से दी जाती है।

## विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर दुगोला महा मुकाबला आज

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तलशवार पंचायत स्थित कोयलंग परेवातरी में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर व्यास ओमप्रकाश चौबे एवं व्यास राजेंद्र यादव के द्वारा 17 सितंबर की शाम 7:00 बजे से दुगोला महा मुकाबला कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम सोमवार बाजार टांड में श्री श्री विश्वकर्मा पूजा समिति एवं सर्वजाति समाज की ओर से आयोजित किया गया है, कार्यक्रम को लेकर ग्राम सचिव ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी ने बताया कि हमारे ग्राम परेवातरी में कई वर्षों से विश्वकर्मा पूजा का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता रहा है और प्रत्येक वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता रहा है इस वर्ष भी व्यास का कार्यक्रम महा मुकाबला दुगोला प्रोग्राम प्रस्तुत करेंगे, उनके साथ उनकी पूरी टीम रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमेटी के सदस्य दिन-रात मेहनत कर रहे हैं इसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक प्रेमचंद प्रसाद, अध्यक्ष जागेश्वर राणा, सचिव सुभाष कुमार, कोषाध्यक्ष गणेश कुमार, ग्राम अध्यक्ष अरुण महतो, सचिव ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, सदस्य जयनाथ महतो, प्रदीप महतो, पिंटू कुमार, गोवर्धन महतो, इंद्रनाथ कुमार, जुगेशवर महतो, सरोज कुमार, पप्पू राणा, हेमदेव राणा, संतोष कुमार, मनोज कु. कुशवाहा, जितेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, समेत सभी ग्रामीण अपनी अपनी योगदान दे रहे हैं।

## इंटर कॉलेज की छात्रा लापता

**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय हरली में क्लास करने गई इंटर दूसरे वर्ष की छात्रा गुरुवार की रात तक अपने घर नही पहुंची जिससे उसके परिजन काफी परेशान है। छात्रा ज्योति कुमारी पिता निर्मल प्रसाद दारू प्रखंड की पुनाई पंचायत की पुनाईटांड की रहने वाली थी। वह सुबह घर से कॉलेज क्लास करने के लिए निकली पर देर शाम तक उसके नही पहुंचने से उसके परिजन परेशान हो गए। उसे अपने



रिस्तेदारो के यहां चारो तरफ ढूंढा पर कहीं पता नही चला। परिजनों ने देर शाम थाना प्रभारी अमित कुमार को जानकारी दी जिसके बाद पुलिस भी उसे ढूंढने का प्रयास कर रही है।

## मेढकुरी उत्क्रमित उच्च विद्यालय में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन

**दारू (आजाद सिपाही)।** दारू प्रखंड अंतर्गत मेढकुरी उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रांगण में स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमें नव पदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेश्वर सिंह का स्वागत एवं सुलोचना कुमारी का विदाई समारोह में



पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया । विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गान एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक बैजू राम और सहयोगी शिक्षकों द्वारा इस अवसर पर पेन ,डायरी, शाल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । साथ ही विद्यालय में माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2021-22 मे अब्बल रहने वाली छात्रा अंकिता पांडे, निर्धनता सा मेघा छात्रवृति परीक्षा मे सफलता हासिल करने वाली छात्रा सुप्रिया कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री मुनीलाल पांडे, लिपिक संदीप कुमार, सहायक अध्यापक यदु कुमार, जाकिर हुसैन ,रवि कांत वर्मा, उपेंद्र कुमार मेहता, उपेंद्र कुमार पांडे, उदय कुमार सिंह, छोटन राम, कामता कुमार, उषा कुमारी, दिलीप कुमार ठाकुर ,कुमारी अनूपमा शर्मा, बंटी कुमारी, माता समिति के सभी रसोईया उपस्थित थे ।

## बरकाकाना कॉउंसिल के अध्यक्ष बने संतोष यादव, लोगों ने दी बधाई

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** आल इंडिया एसटी/एससी/बीसी एम्प्लाइज को ऑर्डिनेशन कॉउन्सिल केन्द्रीय कर्मशाला सीसीएल बरकाकाना की बैठक कॉउन्सिल कार्यालय नया नगर बरकाकाना में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उमेश पासवान व



संचालन रामशब्द राम ने किया ।बैठक के दौरान संगठन की मजबूती पर बल देते हुए पदोन्नति राष्ट्र आरक्षण एवं बैकलॉग पर विचार विमर्श किया गया,जिसमें उपस्थित लोगों ने कई सुझाव दिए ।बैठक के दौरान सर्वसम्मति से संतोष कुमार को केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना का अध्यक्ष मनोनीत किया गया ।अध्यक्ष मनोनीत होने पर कॉउन्सिल के पदाधिकारियों ने नव नियुक्त अध्यक्ष का स्वागत पुष्पगुच्छ भेटकर कर किया ।वही नव नियुक्त अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कॉउन्सिल के पदाधिकारियों ने जो जिमेवारी सौपी है उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा ।बरकाकाना के कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखकर कार्य करूँगा ।मौके पर राम रजवार,बिहारीलाल,लालू उरोव,प्रगाश पासवान,सुकरा,बिरेन्द्र,हरिदयाल राम,दिलीप गंझू,रविन्द्र पासवान,शाखा,किशुन मुंडा सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## अपर समाहर्ता कार्यालय में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित अपर समाहर्ता कार्यालय में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इससे वहां रखे कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर व पंखा जलकर खाक हो गए। अनुमान के मुताबिक लाखों का नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार हर दिन की तरह गुरुवार को भी कार्यालय बंद करके कर्मी चला गया था। शुक्रवार को 10 बजे ऑफिस खुलने के बाद देखा कि शॉर्ट सर्किट से बीती रात आग लग जाने से कार्यालय का एक कंप्यूटर, प्रिंटर और कई पंखे पूरी तरह जलकर खाक हो गए। वहीं कार्यालय में रखे कागजात को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं ने विधायक का किया भव्य स्वागत



**पतरातू (आजाद सिपाही3)।** पतरातू प्रखंड परिसर स्थित वर्किंग हॉल में शुक्रवार को आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं ने स्थानीय विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर एक विशाल फुलमाला उनको पहनाया गया। इसके बाद विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि आप सबों को राज्य सरकार के द्वारा मानदेय बढ़ने से कुछ राहत तो जरुर मिली होगी। उन्होने आगे कहा कि अग आप सबों को माबाईल भी दिलवाई जाएगी। अभी सरकार स्तर पर इस पर विचार मंथन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि सेविका व सहायिकाओ के उत्थान के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। इस मौके पर प्रमुख कौशल्या देवी, सीओ शिवशंकर पाण्डेय, बीडीओ हलधर कुमार सेठी, सीडीपीओ ग्लोरिया एक्का, पूर्व बीडीओ देवदत पाठक आदि अधिकारी शामिल थे। इस मोके पर विधायक के समर्थन में खुब नारे लगाए गए। इसके बाद बैंड बाजे के साथ सेविकाओं के द्वारा विधायक के साथ नाच गाान करते हुए विधायक को पतरातू प्रखंड परिसर से ब्लॉक मोड़, शहीद भगत सिंह चैक, मेन रोड तक पैदल घुमाया गया। मौके पर कृष्णा सिंह, सीताराम मुंडा, नईम अंसारी, अमित साव, श्याम प्रवेश, रंजीत ठाकुर, योगेन्द्र खरवार, बितका बाउरी, चंदन साव, राजकिशोर पाण्डेय, जय सिंह, रमेश बेदिया, शिबु महतो, अंजन प्रसाद, मुन्ना अंसारी, शौकत खान, लियाकत अंसारी, मोबिन खान, इस्लाम अंसारी, सेम्स खान, कुदुश अंसारी, देवेन्द्र बेदिया, सरफराज अंसारी, जमशेद अंसारी सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

## डीसी ने विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं को लेकर की बैठक

# अयोग्य राशन कार्ड धारी स्वेच्छा से राशन कार्ड सरेंडर करें, नहीं तो होगी कार्रवाई : डीसी



**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को डीसी माधवी मिश्रा ने विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं को लेकर बैठक की। इस दौरान झारखंड फसल राहत योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने लाभुकों का पंजीकरण बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थित पैक्स केंद्रों से ससमय किसानों को बीज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अंचलवार लंबित दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा करते हुए डीसी ने वैसे अंचल जिनमें कार्य संतोषजनक नहीं पाया के अंचल अधिकारियों को ससमय दाखिल खारिज कार्यों को संपन्न करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने आपसी बटवारानामा एवं उत्तराधिकारी दाखिल खारिज कार्यों के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक कर शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि हस्तांतरण संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान डीसी ने संबंधित अधिकारियों को ससमय कार्य पूर्ण करते हुए संबंधित परियोजना के लिए भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**अयोग्य राशन कार्ड धारी स्वेच्छा से राशन कार्ड सरेंडर करें, नहीं तो होगी कार्रवाई**

जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत हो रहे वितरण की जानकारी ली। वहीं डीसी ने अयोग्य राशन कार्ड धारियों को स्वेच्छा से राशन कार्ड सरेंडर करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि जो अयोग्य राशन कार्ड धारी स्वेच्छा से राशन कार्ड सरेंडर नहीं करेंगे उनके विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कार्य को गंभीरता लेने का निर्देश**

मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने प्रखंडवार पोटो हो खेल विकास योजना के तहत हुए कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कन्वर्जेंस के माध्यम से खेल मैदान व मैदान में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही मिशन अमृत सरोवर के तहत जिन प्रखंडों में डीसी ने कार्य संतोषजनक नहीं पाया उनके प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कार्य को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

**ज्यादा से ज्यादा लोगों को पेंशन का लाभ देने का निर्देश**

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने सर्वजन पेंशन योजना के तहत प्रत्येक योग्य लाभुक को पेंशन का लाभ देने का निर्देश दिया। उन्होंने वैसे किसी भी बैठक जिसमें जनप्रतिनिधि उपस्थित हो उनमें जनप्रतिनिधियों को ज्यादा से ज्यादा लोगों को सर्वजन पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए उन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को पेंशन का लाभ देने का निर्देश दिया।

## दूसरे के नाम पर बेची गयी 11 बाइक व दो स्कूटी को पुलिस ने किया बरामद

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में बड़े अनोखे तरीके से ठगी का शिकार हुए गरीबों को न्याय दिलाने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। गरीबों के नाम पर ठगों द्वारा फर्जी तरीके से खरीदी गई बाइक को दूसरे लोगों को बेच दिया गया था। मामला खुला तो पुलिस ने छापेमारी शुरू की और 8 दिनों के अंदर 13 गाड़ियों को बरामद कर लिया गया। शुक्रवार को इस मामले में कांड संख्या 214/22 के अनुसंधानकर्ता सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि सिरका अरगड्डा इलाके के रहने वाले रिजवान और उसके गैंग ने गरीबों को लोन दिलाने का झांसा दिया था। उनसे जिन दस्तावेजों पर साइन कराएं उस दस्तावेज का उपयोग उसने बाइक और स्कूटी खरीदने के लिए कर लिया। इस मामले में फाइनेंस कंपनी इंडस्लैंड बैंक और ग्लोब ऑटोमोबाइल के खिलाफ भी जांच की जा रही है। अभी तक जिन भाई को को बरामद किया गया है उनका नंबर जेएच 24एफ 6891, जेएच 24एफ 5051, जेएच 24एफ 1764, जेएच 24एफ 3368, जेएच 24एफ 4976, जेएच 24एफ 8146, जेएच 24एफ 7967, जेएच 24एफ 0988, जेएच 24एफ 2065, जेएच 24एफ 1339, जेएच 24जी 6382 है। इसमें एक बिना नंबर की स्कूटी भी शामिल है।

**इंडस्लैंड बैंक से फाइनेंस की गई थी सारी गाड़ियां :** अनुसंधानकर्ता सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी गाड़ियों को इंडस्लैंड बैंक की रामगढ़ शाखा से फाइनेंस किया गया था। रिजवान अंसारी के द्वारा ही डीओ लेटर ग्लोब ऑटोमोबाइल एजेंसी में जमा कर गाड़ियों को रिसीव किया गया था। जिसके नाम पर उसने गाड़ी की खरीद की थी। उन्हें बैंक से लोन दिलाने का झांसा दिया गया था।

## विधायक व जीप उपाध्यक्ष ने फीता काट किया फुटबॉल मैच का शुभारंभ



**चतरा (आजाद सिपाही)।** खिलाड़ी ही एक ऐसी जाति है जो सभी भेदभाव से ऊपर उठकर खेल खेलते है। खेल के दौरान खेलाड़ियों के अंदर न कोई जाति होता है और न ही कोई धृणा। खेल एक दूसरे को जोड़ने का सबसे सर्वोत्तम साधन है। खेल केवल खिलाड़ी ही खेलते है। उक्त बातें शुक्रवार को सिमरिया के विधायक सह टूनार्मेंट में मुख्य अतिथि किशुन कुमार दास ने मयूरहंड प्रखंड के धनगांवा खेल मैदान में कही। उन्होंने कहा खेल तो खेलाड़ियों को पहचान दिलाने का एकमात्र साधन है। खिलाड़ी अपनी पहचान खेल के माध्यम से बना सकते है। विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि खेल देख कर ऐसा लगता है। जैसे मैं खुद खेल रहा हूँ। खेल खिलाड़ी की कमजोरी होती है। मैं खुद फुटबॉल खेल का खिलाड़ी रहा हूँ। आज जब खिलाड़ी को खेलते देखता हूँ तो लगता है काश मैं भी खेलता। फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि विद्यायक किसुन कुमार दास व जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फुटबॉल शॉट लगाकर किया। फाइनल मैच कृष्ण क्लब सिंदवारी बनाम डायमंड स्पॉटिंग क्लब धनगांवा के बीच खेला गया। जिसमें डायमंड स्पॉटिंग क्लब को दो गोल मार कर टूनार्मेंट का विजेता बना। जहां मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को 10 हजार रुपए व बड़ा शील्ड दिया। वही उपविजेता रही कृष्णा क्लब को नगद 5 हजार व छोटा शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मयूरहंड जिप सदस्य देवेंद्र चन्द्रवंशी, थाना प्रभारी राम वृक्ष राम, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अश्वनी सिंह, एकीकृत सहायक अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा पासवान, कदगांवा कला के पंचायत समिति सदस्य विवेक सिंह, निर्देशक बिनय सिंह, जिला के जानेमाने रेफरी उमेश यादव, टूनार्मेंट के सदस्य सह भाजपा युवा नेता रूपेश सिंह, ललन सिंह, जितेंद्र गोस्वामी सहित अन्य शामिल थे।

## आम आदमी पार्टी की भुरकुंडा में हुई बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** आम आदमी पार्टी रामगढ़ जिला कमेटी की शुक्रवार को भुरकुंडा में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी रामगढ़ जिला के सह प्रभारी राजेश कुमार वर्मा उपस्थित थे। बैठक में पार्टी की मजबुती, सदस्यता बढ़ाने सहित क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही झारखण्ड सरकार द्वारा कैबिनेट की बैठक में 1932 खतियान के आधार पर राज्य में स्थानीय नीति बनाने की जो घोषणा की गई है उसका स्वागत किया गया। मौके पर राजेश वर्मा ने कहा कि 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का बिल झारखण्ड कैबिनेट से पास होने का फैसला स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा की जो कार्य झारखण्ड राज्य स्थापना के समय ही 15 नवंबर 2000 को होना चाहिए था, उसे लगभग 22 वर्ष का लंबा इंतजार करना पड़ा है। श्री वर्मा ने कहा कि झारखण्ड सरकार से उम्मीद है की कैबिनेट से पास बिल को धरातल पर जल्द से जल्द लागू किया जायेगा, ताकी आम जनता लाभान्वित हो सके। उन्होंने इस कार्य के लिए झारखण्ड सरकार सहित तमाम जनता को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# 1932 का खतियान लागू कराने एवं ओबीसी को 27% आरक्षण मिलने पर दुलमी में खुशी का जुलूस निकाला



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड के सिरु बुध बाजार से दुलमी बाजार टांड तक ने सरकार के द्वारा 1932 खतियान आधारित निति व ओबीसी को 27% आरक्षण देने पर खुशी जुलूस निकाला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी बजरंग महतो शामिल हुए?। समाजसेवी बजरंग महतो ने कहा कि कहा कि मुख्यमंत्री ने 1932 के खतियान के आधार पर नियोजन नीति बनाने और पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले पर अपनी मुहर लगा दी। पूरे प्रदेश के झारखंडी लोगों के लिए यह उत्सव का मौका है। इसे लेकर पार्टी की ओर से भी जगह जगह जश्न मनाया जा रहा है। सरकार के इस फैसले से झारखंड के मूल निवासियों को उनका हक अधिकार मिल सकेगा। झारखंडियों के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक रहा। राज्य की गठबंधन सरकार ने झारखंडियों को सम्मान दिया है। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई। वहीं नियोजन में 1932 के खतियान को लागू करके झारखंड के मूल निवासियों को उनका हक दिया है। आने वाले समय में जाति आधारित जनगणना होना चाहिए। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश प्रमानद सिंह इमाम अंसारी क्युमुउद्दीन अंसारी महताब राही ताहिर अंसारी विकास कुमार उतम कुमार रविकांत महतो छोटन कुमार मोहित पटेल राजकुमार महतो रामघृत महतो अरुण दीवाना लिलेश्वर महतो पप्पू महतो बाबुराम महतो बजरंग साव सुरज महतो विकास राम महतो कमलेश कुमार मानिक पटेल खखु महतो तसलिम अंसारी ललति महतो प्रेम मुंडा विरेन्द्र कुमार जाहिर अंसारी आरिफ अंसारी व सौकडो लोगों शामिल हुए।

# 2 किलो ब्राउन शुगर के साथ सात तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

अजय चौरसिया



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला में सक्रिय ब्राउन शुगर तस्करों व माफियाओं के विरुद्ध पुलिस लगातार एक्शन मोड में है। चतरा पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय कुमार व सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली के संयुक नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने नशे के सौदागरों के आर्थिक श्रोत पर करारा प्रहार किया है। ब्राउन सुगर तस्करों के विरुद्ध एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए स्पेशल टीम ने प्रतिबंधित ब्राउन शुगर व इस्तेमाल में प्रयुक्त सामान के साथ 7 तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। साथ ही गिरफ्त में आए तस्करों के पास से 2.18 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर, ब्राउन शुगर पीने में प्रयुक्त एल्युमिनियम पन्नी, सेवन के दौरान इस्तेमाल में प्रयुक्त 10 रुपये का नोट, विभिन्न कंपनियों का तीन मोबाइल व ब्राउन शुगर खरीद बिक्री में प्रयुक्त तीन हजार रुपया नगद बरामद किया है। शुक्रवार को एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के अंसार नगर नउवा टोली ईलाके में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित ब्राउन सुगर की खरीद-बिक्री और सेवन किया जा रहा है। तस्करों के इस गैर कानूनी धंधे में फंसकर युवा पीढ़ी नशे के आगोश में समाकर अपना भविष्य तबाह कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशिक्षु डीएसपी के नेतृत्व में स्पेशल टीम बनाकर अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। अभियान के दौरान ही सातों तस्करों को प्रतिबंधित ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री और सेवन करते पकड़ा गया है। एसडीपीओ ने कहा है कि तस्करों के विरुद्ध पुलिस का अभियान निरंतर जारी है। उन्होंने युवा पीढ़ी से नशे के जाल में फस कर अपना भविष्य तबाह नहीं करने की अपील की है। साथ ही अभिभावकों से भी अपने बच्चों पर विशेष निगरानी रखने को कहा है।

## 'पुष्पा राज में झुकेगा नयी सा...'- यही हाल है बालू माफियाओं का

# रात के अंधेरे में हो रही बालू की तस्करी

बिजेंद्र कुमार



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पुष्पा राज में झुकेगा नई सा... ये एक फिल्म का डायलॉग जरूर है। लेकिन बालु माफियाओं ने इस डायलॉग को मोटे चढ़ावा देकर अपने उपर लागू कर रखा है। इन दिनों बालू का उठाव पूरी तरह से बंद है और इसे लेकर कई बार बैठक भी हुई है। बावजूद इसके बालू का खेल बड़े पैमाने पर जारी है। पतरातू प्रखंड में बालू तस्करी का गोरखधंधा चल रहा है। रात 10 बजे के बाद क्षेत्र के दामोदर नदी से ट्रेक्टरों और हाइवा पर अवैध बालू की ढुलाई हो रही हैं। गोरखधंधे में प्रशासनिक अधिकारियों और सफेद पोश की मिलीभगत की चर्चा हो रही है। बताया जाता है कि देर रात हाइवा पर त्रिपाल ढंक कर बालू तस्करी हो रही है। इन वाहनों की कहीं भी जांच नहीं हो रही है। उरीमारी, पोड़ा, दुंदुवा, दत्तो घाट लंपगा, सिरका के दामोदर तट पर अधिकारी छापेमारी भी नहीं कर रहे हैं। गोरखधंधे को लेकर बड़ी मिलीभगत और बंदरबांट की संभावना जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार दत्तो घाट और रिवर साइड के बालु घाट से भी बालू उठाव जोरों से चल रहा है। 1200 से 1500 में मिलने वाला बालू 3500 से 4500 रुपये प्रति ट्रैकर और हाइवा से 20000 से 25000 बेचा जा रहा है। देर रात बालू जगह-जगह पहुंचाया जा रहा है। रोजाना लाखों रुपये का खेल चल रहा है। इक्का-दुक्का छुटभैय्ये बालू चोरों को पकड़कर अपनी पीठ थपथपाने वाले प्रशासनिक अधिकारियों को रात के अंधेरे होते इस गोरखधंधे की जानकारी न हो, ऐसा संभव नहीं। पुलिस मामला खनन विभाग का बताती है और खनन विभाग की कुंभकर्णी नींद लंबे अरसे से नहीं खुल सकी है। वहीं सीसीएल बरकासयाल प्रबंधन द्वारा चेक पोस्ट और सीसीटीवी लगाने के इरादे संभवतः ठंडे पड़े दिख रहे है। प्रक्षेत्र में चल रहे हाइवा पर बालू का परिचालन हो रहा या कोयले का यह प्रबंधन को भी शायद नहीं मालूम होगा। इधर बड़कागवा से भी हाइवा से बालु लोड होकर प्रतिदिन 15 से 20 हाइवा गाड़ी रोजाना भुरकुंडा और रामगढ़ की ओर जाते देखे जा सकते है।

## रैयत विस्थापित मोर्चा का बारहवां स्थापना दिवस 21 सितंबर को



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा का बारहवां स्थापना दिवस 21 सितंबर को मनाने को लेकर शुक्रवार को विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा में रैयत विस्थापित मोर्चा बरका सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा की अध्यक्षता एवं क्षेत्रीय सचिव मोहन सोरेन की संचालन में बैठक की गई। उपरोक्त बैठक में सर्वसम्मति से विचार – विमर्श कर निर्णय लिया गया कि आने वाले 21 सितंबर को रैयत विस्थापित मोर्चा का बारहवां स्थापना दिवस विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा के प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा।रैविमो बरका सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम में बरका सयाल क्षेत्र के सभी ब्रांच के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं विस्थापित ग्रामीण हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने आगे कहा कि रैयत विस्थापित मोर्चा हमेशा विस्थापितों के हक अधिकार एवं जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ती रही है। वहीं क्षेत्रीय सचिव मोहन सोरेन ने बैठक के माध्यम से बरका सयाल क्षेत्र के सभी परियोजना के विस्थापितों को एकजुट होकर स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया गया। बैठक में मुख्य रूप से न्यू बिरसा शाखा अध्यक्ष जीतन मुंडा, उरीमारी शाखा अध्यक्ष जुरा सोरेन, सचिव बिनोद हेंब्रम, संतोष सिंह, गणेश गंझू, सन्नी सोरेन, पंकज हेंब्रम, विजय सोरेन,अजय मरांडी, अजय करमाली,अजय बेसरा, पप्पू लाल मांझी, सहदेव मांझी, बिनोद मुंडा, अरविंद प्रजापति, गोपाल सिंह आदि मौजूद थे।

## बालिका मध्य विद्यालय कुजू के सचिव बने अंशु गुप्ता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मुरपा स्थित बालिका मध्य विद्यालय के प्राचार्या कक्ष में शुक्रवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य कविता सेन ने की। बैठक में विद्यालय सचिव बैजनाथ प्रसाद गुप्ता के निधन बाद रिक्त पड़े सचिव पद का चयन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षिका रीता कुमारी ने अनीष कुमार गुप्ता उर्फ अंशु गुप्ता का नाम सचिव पद के लिए प्रस्ताव किया। जिसका समर्थन शिक्षिका पूनम कुमारी ने की। मौके पर उपस्थित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सर्वसमिति से सचिव पद के लिए अंशु गुप्ता के नाम पर अपनी सहमति प्रदान की। मौके पर अंशू गुप्ता ने कहा कि विद्यालय के विकास व छात्र हित में हर संभव प्रयास किया जाएगा। वहीं, अंशु गुप्ता का सचिव बनने पर पर बधाई देने वालों में बालिका उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, शिक्षिका ललिता कुमारी, प्रभा कुमारी, हजम सुरेंद्र रजक, नरेश ठाकुर, कीस्टो हजम, सपना कुमारी, माही कुमारी, अंजली कुमारी, चाहत परवीन, खुशी परवीन, साक्षी कुमारी, माही कुमारी, तस्मिया खान, नौशीन नाज, मेघा कुमारी, शाहिदा परवीन, तमन्ना परवीन, तनु कुमारी शामिल रहे।

## डीएवी आरा कुजू में चीता की वापसी कार्यक्रम आयोजित



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक, स्कूल आरा कुजू के प्रांगण में भारत सरकार सह सीसीएल दरभंगा हाउस, राँची द्वारा निर्देशित 'भारत में चीता की वापसी 'कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने बढ़ –चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय की शिक्षिका सकला अंजु बरियार और वीएस पांडेय ने भारत में चीता का संक्षिप्त इतिहास के बारे में जानकारी दी। कक्षा नवम की छात्रा वैष्णवी सिंह ने रफ़्तार का बादशाह 'चीता' से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सीनियर और जुनियर बच्चों ने भाग लिया। भारत में चीता की वापसी कार्यक्रम के तहत विद्यालय के प्राचार्य नकुल प्रसाद यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए भारत में विलुप्त वन्य– प्राणियों की रक्षा करना हमारा परम दायित्व है, साथ ही हमें पशु –पक्षियों से प्रेम करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मेदांता अस्पताल रांची व रोटरी क्लब के सौजन्य से भुरकुंडा में नि:शुल्क हृदय जांच शिविर 21 को

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मेदांता अस्पताल रांची और रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से आगामी 21 सितंबर दिन बुधवार को भुरकुंडा बाजार स्थित भारत मेडिकल हॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नि :शुल्क हृदय जांच शिविर लगाया जायेगा। शिविर में कार्डियोलॉजी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार अग्रवाल द्वारा सीने में दर्द एवं बेचैनी, घबराहट, सांस की तकलीफ व पसीना आना, कंधे पीठ और जबड़े का दर्द, दम घुटना, चक्कर आना, उल्टी आना, कमजोरी, पैदल चलने व सीढ़ी चढ़ने में सांस का फुलना आदि के मरीजों को जांच कर उचित परामर्ष दिया जायेगा। बताया गया कि इस शिविर में ईसीजी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर आदि की भी जांच कर उचित परामर्श डॉक्टर द्वारा दिया जायेगा। उक्त जानकारी रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने दी।

## भुरकुंडा उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा उच्च विद्यालय भुरकुंडा का छात्र सागर नायक ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने माता–पिता, परिजन, भुरकुंडा कोयलांचल व विद्यालय का नाम रोशन किया है। सागर की सफलता पर शुक्रवार को पटेलनगर भुरकुंडा स्थित उच्च विद्यालय भुरकुंडा में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सफल छात्र सागर नायक को उपहार देकर सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकुल प्रसाद ने बताया कि सागर नायक एडवांस परीक्षा में एससी कोटा से 2313 रैंक लाकर भुरकुंडा उच्च विद्यालय का नाम रोशन किया है। सागर नायक ने भुरकुंडा उच्च विद्यालय से वर्ष 2019–20 में मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुआ था। जिसमें उसने जिले में 10वां स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद सागर का आकांक्ष– 40 में नामांकन हुआ था। जहां से सागर ने मेन्स तथा जेईई एडवांस की तैयारी कर यह सफलता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। सागर की सफलता पर मुकुल प्रसाद, सहायक शिक्षक मो. शदरूल हक, सीताराम साव, कृष्णा प्रसाद, हीरालाल महतो, मनराखन सिंह मुंडा, उमेश प्रसाद साहु, क्लर्क राजन सांगा, तुषार कुमार, राकेश साव, कल्पना कुमारी आदि ने हर्ष व्यक्त करते उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## पुलिस प्रशासन की देखरेख में पलानी झरना का कार्य पुन: चालू



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के पलानी झरना का स्थल अब पर्यटकों का पसंदीदा स्थल के रूप में जाने लगा है। इसलिए इस स्थल को विकसित करने के लिए जिले के डीएमएफटी फंड़ से पालानी झरने के आस पास जमीन समतलीकरण, सीढियों सहित अन्य मूलभुत सुविधाओं का कार्यो किया जा रहा है। कुछ दिन पहले अज्ञात लोगों ने पलानी में झरना में कार्य कर रहे मजदूरों को काम नही करने को कहा गया था। शुक्रवार को पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार सहित सशस्त्र बल के उपस्थिति में पलानी झरना बाधित कार्य को पुन: चालु कराया गया।

## वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव ग्राम से पुलिस ने एक वांक्षित को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। उसकी पहचान शम्स तबरेज अंसारी के रूप में हुई है। वह भड़गांव का ही रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक तबरेज का विवाह अरु निवासी सुस्तम अंसारी की बेटी रुक्सार बीबी के साथ 2014 में हुई थी। शादी के कुछ साल बाद परिवारिक विवाद होने लगा। जिसे लेकर रुक्सार बीबी महिला थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। लंबे समय के बाद कोर्ट केश संख्या एम 34/2015 आर दर्ज कर न्यायालय द्वारा मेंटनेंस खर्च प्रति माह देने का नोटिस जारी किया गया था। जिसके बाद पति-पत्नी अलग-अलग रहने लगे। इस बीच तबरेज ने गुजारा भत्ता देना बंद कर दिया तो पुन: रुक्सार न्यायालय पहुंच गई। उसकी फरियाद को संज्ञान में लेते हुए अदालत ने वारंट जारी कर पुलिस को कार्रवाई का आदेश दिया। इसके बाद थाना प्रभारी ऋषिकांत की अगुवाई में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया गया।

### लातेहार डीसी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लाभ को लेकर हुई समिति की बैठक

# सरकारी अनुदान राशि को लाभुकों के खातों में अविलंब हस्तांतरित करें अधिकारी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ प्रदान करने को लेकर शुक्रवार को डीसी भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समिति की बैठक हुई। जिसमें मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि के लिए प्राप्त आवेदनों को पेश किया गया। आवेदनों की समीक्षा के बाद कुल 52 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। जिसमें अनुसूचित जाति के 10, अनुसूचित जनजाति के आठ और पिछड़ी जाति के 34 आवेदकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ देने के लिए अनुमोदन दिया गया। अनुमोदित 52 आवेदनों में से छह कैंसर पीड़ित मरीजों के भी आवेदन हैं। डीसी ने आईटीडीए के परियोजना निदेशक को अनुमोदन के उपरांत अविलंब सभी लाभुकों को अनुदान राशि हस्तांतरित करने का निर्देश दिया। इस योजना के लाभ के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत झारखंड में निवासरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ राशन कार्डधारी, अंत्योदय राशन कार्डधारी, हरा कार्डधारी योग्य होंगे।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते लातेहार डीसी भोर सिंह यादव।

### इन्हें मिलेगा लाभ

लाभुक किसी भी तरह की बीमारी अथवा किसी शल्य चिकित्सा के कारण (गर्भावस्था व प्रसव को छोड़कर) पीड़ित, कोविड-19 से संक्रमित व कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित को योजना का लाभ मिलेगा।

### आवेदन करने की प्रक्रिया

अनसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के आवेदक आनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, सिविल सर्जन/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की ओर से निर्गत बीमारी से संबंधित प्रमाण पत्र, प्रतिवेदन या अभिप्रमाणित दस्तावेज, आधार कार्ड के अलावा बैंक पासबुक की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करके देना होगा।

### वयस्क लाभुकों को इस योजना के तहत दी जायेगी निम्नवत राशि

किसी भी तरह की बीमारी या शल्य चिकित्सा बीमारी, अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम तो तीन हजार व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को पांच की राशि देय होगी। साथ ही कोविड-19 से संक्रमित होने की स्थिति में यदि पीड़ित का इलाज घर में हुआ हो तो उसे पांच हजार रुपये और अगर पीड़ित का इलाज अस्पताल में हुआ हो तो 10 हजार रुपये की राशि देय होगी। इसके अलावा कैंसर से पीड़ित होने पर लाभुक को 25 हजार रुपये मिलेंगे। इस दौरान बैठक में आईटीडीए निदेशक विंदेश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, विधायक लातेहार के प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विधायक मनिका के प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद यादव आदि उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## गढ़वा जिला बल के आरक्षी जवान ने दिखायी इमानदारी, छात्र के पैसे लौटाये



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झारखंड पुलिस के गढ़वा जिला बल के आरक्षी जवान राजेश कुमार ने इमानदारी का परिचय देते हुए ई कल्याण के छात्रवृत्ति का पैसा गलती से उनके खाते में जाने के बावजूद उन्होंने उक्त छात्र को पैसा लौटा दिया। जानकारी के अनुसार लोहरदगा के बदला डूमर टोली निवासी जसवंत उरांव के छात्रवृत्ति का पैसा ई कल्याण विभाग की गलती से झारखंड पुलिस के जवान राजेश कुमार के खाते में चला गया था। छात्र जसवंत को इसकी जानकारी हुई तो उसने कल्याण विभाग और संबंधित बैंक से जानकारी दी। वहां से पता चला कि गढ़वा जिला बल में पदस्थापित आरक्षी 626 जवान राजेश कुमार मूलतः लोहरदगा निवासी है। उनका खाता बीओआइ कोर्ट एरिया ब्रांच में है। छात्र ने बताया कि उसने दो साल पहले इंटर कक्षा में पढ़ने के दौरान छात्रवृत्ति के लिए ई कल्याण का फॉर्म भरा था। लेकिन वर्ष 2020 में उसके खाते में कोई पैसा नहीं आया। फिर उसने बीए प्रथम वर्ष में फॉर्म भरा। तब भी पैसा नहीं आया तो उसने विभाग से इस संबंध में जानकारी ली। जब उसे सच्चाई का पता चला तो उसने संबंधित जवान से संपर्क किया। तब जवान राजेश ने इमानदारी दिखाते हुए शुक्रवार को लोहरदगा आने पर बीओआइ कोर्ट एरिया ब्रांच मैनेजर धर्मेंद्र कुमार महतो की उपस्थिति में छात्र जसवंत को चेक के माध्यम से पूरी राशि को लौटा दिया। जवान ने बताया कि वर्ष 2020 में 3273 रुपये और वर्ष 2022 में 5400 रुपये उसके खाते में आए थे। इस पर छात्र जसवंत उरांव ने जवान राजेश कुमार को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

## मनिका में कृषक मित्र महासंघ ने बैठक कर सरकार से की मानदेय देने की मांग



मनिका/लातेहार (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग कार्यालय में कृषक मित्रों ने शुक्रवार को बैठक की। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार और कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मानदेय बढ़ाकर भुगतान करने की मांग की। कृषक मित्र रामनंदन उरांव ने बताया कि कृषक मित्र कृषि के कार्यों में हर संभव अपना योगदान देते आ रहे हैं। जिसके बदले में उन्हें प्रति वर्ष 12 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाती है जो बहुत ही कम है। उन्होंने कहा कि सरकार से निवेदन है कि हमें भी सम्मानजनक मानदेय दिया जाए। लगे हाथ कृषक मित्रों ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मागों को पूरा नहीं करेगी तब तक सारे कृषक मित्र हड़ताल पर रहेंगे। इस मौके पर कृषक मित्र महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष रमेश सिंह, प्रखंड सचिव बिरेंद्र बैठा, कमलेश उरांव, सुनील घांसी, राजेश उरांव, सुनेश्वर उरांव, दिनेश सिंह, रामनंदन उरांव, भोला उरांव, जितेंद्र सिंह, दरोगा सिंह, कामेश्वर उरांव, ललन राम और कामेश्वर तिवारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## ओजोन क्विज में अर्शिता कुमारी बनी विजेता



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को ओजोन दिवस मनाया गया। जिसका शुभारंभ पतंजलि योग समिति के जिला संरक्षक शिवशंकर सिंह और प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। भगवान बिरसा मुंडा ससभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में ओजोन समस्या पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इसके बाद ओजोन क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें अर्शिता कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, राज प्रजापति एवं रोहित उरांव क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें ओजोन परत को समाप्त होने से रोकना चाहिए। इसके लिए सीएफसी गैस निकलने वाले उपकरणों का कम से कम उपयोग करना चाहिए। वहीं, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी में सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को आने से रोकती है। ओजोन परत का हमारे जीवन में बहुत ही अधिक महत्व है। यशोदा कुमारी ने कहा कि ओजोन दिवस ओजोन को संरक्षित रखने के उपाय और सभी को इसके बारे में जागरूक करने के तरीकों को बताने के लिए मनाया जाता है। मौके पर रश्मि साहू, ऋद्धि मिश्रा आदि थे।

## छात्रा अपहरण मामले में दो सप्ताह बाद दर्ज हुई प्राथमिकी

- भाजपा नेता के हस्तक्षेप के बाद रेस हुई पुलिस, दो सितंबर को गणेशपुर से हुआ था अपहरण
- गांव के लड़के पर ही अपहरण करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** बालूमाथ थाना क्षेत्र से एक किशोरी के अपहरण मामले में भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव की पहल के बाद बालूमाथ पुलिस रेस हो गई है। जानकारी के अनुसार बीते दो सितंबर को बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर से एक किशोरी का गांव के ही एक युवक द्वारा अपहरण कर लिया गया। बेटी के अपहरण की शिकायत लेकर तीन सितंबर को नाबालिग के पिता बालूमाथ थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज करानी चाहिए। लेकिन पुलिस ने प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की। ना ही कोई रिसीविंग दी गई थी। दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी बेटी की कोई जानकारी नहीं मिलने से निराश पिता ने इसकी जानकारी प्रतुल शाहदेव को दी। तब प्रतुल बालूमाथ क्षेत्र के दौरा पर ही थे। इनके बाद प्रतुल पीड़ित के आवास पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने घटना के संबंध में पुलिस के उच्च अधिकारियों को ट्वीट कर कार्रवाई की मांग की। प्रतुल ने मौके पर से ही उच्चाधिकारी को फोन कर इसकी जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की। तब आश्वासन मिला कि देर शाम तक टीम गठित कर कार्रवाई शुरू कर दी जायेगी।



पीड़ित परिवार से मिलने उसके घर पहुंचे भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव व अन्य।

बतातें चलें कि बीते दो सितंबर को नाबालिग का अपहरण हुआ था। अगले दिन पिता ने थाने में शिकायत भी दर्ज कराई चाही, लेकिन पुलिस ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसके बाद भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव के संज्ञान में मामला आने और उनके हस्तक्षेप के कारण दो सप्ताह के बाद गुरुवार की देर रात पीड़ित परिवार से दोबारा आवेदन लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई। वहीं, प्रतुल ने कहा कि बिटिया को न्याय और आरोपी को सजा मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि पुलिस ने सटिक कार्रवाई कर किशोरी को सकुशल बरामद नहीं किया तो जनता के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, लव सिंह, रामकुमार गुप्ता, अमित राम, पूर्व उपप्रमुख पप्पू सिन्हा, सूरज साह, विजय प्रसाद, रघुनंदन सोनी, अखिलेश भोक्ता, आशुतोष पाठक आदि मौजूद थे।

## स्व रामसुंदर सिंह की 13वीं पुण्यतिथि मनायी



मनिका/लातेहार (आजाद सिपाही)। मनीका प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को भाजपा के जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के पिता स्व रामसुंदर सिंह की 13वीं पुण्य तिथि पूर्व विधायक के सिंजो आवास में मनाई गई। उपस्थित लोगों दिवंगत की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, पूर्व जिप सदस्य महेश सिंह, सत्यनारायण प्रसाद, बंशी यादव, सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दूबे, लातेहार ब्लॉक प्रमुख परशुराम लोहरा, हेरहंज पालक अमरेंद्र यादव, मनिका सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, कौशल किशोर प्रसाद, उमेश यादव, अजीत कुमार, पंकज यादव, बबन पासवान, सुमंत यादव, संदीप उरॉव, अजय गुप्ता, प्रदीप सिंह, धर्मजीत राय, मनदीप कुमार गुप्ता, अवधेश चंद्रवंशी, अंकित राज, धर्मेन्द्र राम, सिंजो मुखिया पति सहायक सिंह, पंसस महेंद्र सिंह, राजदीप राय, संतोष यादव, सतेंद्र सिंह, फूलदेव सिंह, बिट्टू गुप्ता, यमुना सिंह, हीरा सिंह आदि मौजूद थे।

## शराब के नशे में धूत पति ने पत्नी पर किया कुल्हाड़ी से हमला, हालत गंभीर



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में कुटमु स्थित बेतला रोड में शराब के नशे में धूत पति ने अपनी ही पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसकी पहचान मालो देवी (60) के रूप में हुई है। वह भुइयांटोला की रहने की वाली है। हालांकि घटना के बाद से आरोपित पति राजदुलार भुइयां मौके से फरार है। उधर, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात किसी बात पर झगड़ा हो गया, जिसके बाद अति क्रोधित राज दुलान ने पत्नी मालो पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायल मालो को नजदीकी बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक अनुपमा एक्का व ड्रेसर राजेश चंद्रा और बबलू की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। चिकित्सक अनूपमा एक्का ने बताया कि महिला को सिर में गंभीर चोट आई है। एक हाथ भी टूट गया है। उधर, पुलिस फरार आरोपित की तलाश में जुटी है।

## शीघ्र मांग पूरी नहीं हुई तो उग्र होगा आंदोलन : अर्जुन प्रजापति

राजस्व उप निरीक्षक संघ ने की हड़ताल की घोषणा, अंचल कार्यालयों में कामकाज चौपट

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड राजस्व उप निरीक्षक संघ की जिला इकाई शुक्रवार से 11 सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी। इसके बाद जिले के सभी अंचल कार्यालयों में कार्यरत राजस्व उप निरीक्षकों ने सभी सरकारी कार्यों का बहिष्कार किया। हड़ताल की घोषणा के बाद आंदोलन को धारदार बनाने के लिए सदर प्रखंड परिसर स्थित बहुउद्देशीय भवन परिसर में बैठक



किी गई। जिसमें लंबित और जायज 11 सूत्री मांगों पर चर्चा हुई। संघ द्वारा राज्य स्तरीय आंदोलन के दौरान सभी राजस्व उप निरीक्षकों को धैर्य के साथ एकजुटता बनाए रखने की अपील की गई। मांग पूरी होने तक हड़ताल की घोषणा पर अड़े रहने का निर्णय लिया गया। इधर, राजस्व उप निरीक्षकों का एक साथ हड़ताल पर चले जाने से जिले के सभी अंचलों में कामकाज प्रभावित हो गया। भूमि म्यूटेशन, लगान, विभिन्न वादों की जांच, कागजों का सत्यापन, विभिन्न आवेदनों का निपटारा आदि कार्य ठप हो गया। विभिन्न कार्यों से अंचल कार्यालय आए लोगों, आय जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने वाले विद्यार्थियों को भारी परेशानी हुई। हड़ताल के बाद हुई बैठक में झारखंड राज्य राजस्व निरीक्षक संघ लोहरदगा के अर्जुन प्रजापति ने कहा कि 11 सूत्री मांग पुरानी और जायज है। अब मांग पूरी होने तक एकजुटता से सभी राजस्व उपनिरीक्षक हड़ताल पर रहेंगे। सरकार द्वारा शीघ्र मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन धारदार बनाया जाएगा। बैठक में झारखंड राज्य राजस्व उप निरीक्षक संघ के लोहरदगा जिला अध्यक्ष रामा महतो, कार्यकारी अध्यक्ष विकास सोनी, मनीष चंद्र उरांव, बिनेश्वर भगत, बबली कुमारी, नीत शिखा तिर्की, नेहा कुमारी भगत, दीपक कुजूर, अनूप उरांव, फिकुआ उरांव, मोदरसर हुसैन, अबुल हसन, अली अहमद सलीम, रीना कुमारी आदि मौजूद थे।

## होंदगा में बारिश से गिरा गरीब का आशियाना



किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। किस्को प्रखंड अंतर्गत परहेपाट ग्राम पंचायत के होंदगा निवासी कादिर अंसारी का घर तेज बारिश के कारण गिर गया। जिससे परिवार वाले बेघर हो गये हैं। बतातें चलें कि कादिर अंसारी का परिवार बेहद गरीब और असहाय है। बारिश में घर गिर जाने से सिर छिपाने की चिंता है। भुक्तभोगी कादिर ने परिवार में कुल 10 सदस्य हैं। जो मजदूरी कर अपना जीविकोपार्जन करते हैं। घर गिर जाने से पूरा परिवार काफी परेशान हैं। भुक्तभोगी ने प्रशासन से सहयोग की अपील की है, ताकि गिरे घर की मरम्मत कराकर सपरिवार सुरक्षित जीवन यापन कर सके।

## इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में चीता ईज बैक कार्यक्रम का आयोजन



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ मुख्यालय स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में महाप्रबंधक बाशब चौधरी के निर्देश पर सीसीएल तेतरियाखेड के तत्वध्यान में चीता ईज बैक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक भी शामिल हुए। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि परियोजना पदाधिकारी दिलीप भी मौजूद थे। सबसे पहले छात्राओं ने परंपरागत नागपुरी नृत्य के साथ उनका स्वागत किय। इसके बाद सीसीएल की तेतरियाखांड़ कोलवरी महाप्रबंधक ने चीता की विलुप्त होती प्रजाति के विषय में विस्तार से बताया। इस मौके पर प्राचार्या अनीता बारा, शिक्षिका रेखा कुमारी, शिक्षक निर्मल सिन्हा, संजीत कुमार, चंचल सिंह, रेहा कुमारी आदि उपस्थित थे।

### नक्सल गतिविधियों, कानून व्यवस्था और दुर्गा पूजा को लेकर थानेदारों को दिया निर्देश

# युवा सद्भावना मंच को गतिशील करें थानेदार : एसपी

एसपी आर रामकुमार ने समाहरणालय में की मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** समाहरणालय परिसर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शुक्रवार को एसपी आर रामकुमार की अगुवाई में मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने और अपराध नियंत्रण के लिए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया। इस दौरान अगस्त माह में मिली पुलिस को सफलता पर भी समीक्षा की गई। वहीं नक्सल गतिविधियों, कानून व्यवस्था और दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। एसपी ने सभी थानेदारों से सूचना तंत्र को विकसित कर, जमीनी स्तर पर लोगों से बात चीत कर उन्हें विश्वास में लेने का निर्देश दिया। साथ ही युवा सद्भावना मंच को लगातार गतिशील करने को कहा। युवाओं के लिए नए-नए क्रियाकलाप की योजना बनाकर उसे अमल में लाने का निर्देश भी दिया। एसपी ने कहा कि अपराध को नियंत्रित करने को लेकर रात्रि गश्ती में तेजी लाएं। कांडों का त्वरित गति से निष्पादन करें। समीक्षा बैठक में एसपी ने सबसे पहले जिले के सभी थाना प्रभारियों से अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देने के बाद प्रत्येक थाने में घटित आपराधिक घटनाओं, लूट-पाट, हत्या सहित अन्य घटनाओं में अब तक प्रशासनिक कार्रवाई और उपलब्धि के बारे में जानकारी ली। उसके बाद अपराध के पूर्व के रिकार्ड और वर्तमान के बारे में पूछताछ की। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को लंबित आपराधिक मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी चेकपोस्ट पर नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने को भी कहा। इस मौके पर एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, इंस्पेक्टर मंटू कुमार, थाना प्रभारी पोलिकार्प टोप्पो, राजन सिंह, शंखनाथ उरांव, सूरज प्रसाद, अभिनव कुमार, अभिषेक तिवारी, ऋषिकांत, गौतम कुमार, ट्रैफिक इंचार्ज संतोष यादव, समेत कई पुलिस अवर निरीक्षक एवं सहायक अवर निरीक्षक थे।



थानेदारों के साथ मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा बैठक करते एसपी आर रामकुमार।

## दुर्गा पूजा पर होगा डांडिया नृत्य : केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। विगत दो वर्षो से करोनाकाल के कारण दुर्गा पूजा व नवरात्र का पावन त्योहार भव्य तरीके से नहीं मनाया जा सका था। लेकिन इस वर्ष दुर्गा पूजा, नवरात्रि एवं दशहरा धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके आयोजन को लेकर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की नई कमेटी के अधिकारी-सदस्य जोर-शोर से तैयारी में जुटे हैं। दुर्गापूजा समिति के नए कार्यालय का शनिवार को कलश पैलेस वीर शिवाजी पथ के प्रांगण में उद्घाटन होगा। नवरात्र के प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस वर्ष ललित नारायण स्टेडियम में डांडिया भी आयोजित की जाएगी।

## उर्दू शिक्षकों के पोस्ट भेजने का हो प्रबंध : हाजी शकील



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कांग्रेस नेता सह कौमी तंजीम के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी शकील अहमद की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें वर्तमान में हाई स्कूल प्लस टू के लिए सभी प्रखंडों से विभाग द्वारा मांगी गई शिक्षकों के कार्यरत बल को लेकर चर्चा हुई। हाजी शकील अहमद ने मांग की कि जिले में उर्दू पढ़ने वालों की संख्या अच्छी खासी है। यहां सात प्रखंड है। सभी स्कूलों से स्वीकृत बल भेजने के लिए संबंधित अधिकारियों से मिल कर आग्रह किया जाए। इस मुद्दे पर शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री से भी मिलकर इस बाबत मांग की जाए। साथ उर्दू शिक्षकों को प्राइमरी व मीडिल स्कूल में जहां शिक्षक नहीं है उसमें उर्दू शिक्षकों को दिया जाए। ताकि उर्दू पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं हो। इस बैठक में गुलाम जीलानी, सादिक अंसारी, कामरूजमा कुरैशी, एनामुल हक, अरशद रूहानी, तौहीद आलम, हाजी मंसूर, सहादत हुसैन और मो असलम आदि मौजूद थे।

## राज्य मंत्रिमंडल्की ओर से पारित स्थानीयता और आरक्षण के समर्थन में कार्यक्रम

**बसिया (आजाद सिपाही)।** राज्य मंत्रिमंडल द्वारा 1932के खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं पिछड़ी जाति को 27 प्रतिशत आरक्षण पारित करने की खुशी में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग के नेतृत्व में बसिया मुख्यालय में समाज के लोगो द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर, पटाखे फोड़कर सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।मौके पर उदासन नाग ने कहा कि गंठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल के इस ऐतिहासिक निर्णय का हम सराहना करते है इसके साथ ही उदासन नाग ने कहा कि झारखंड के दक्षिणी छोटानागपुर के पांच जिलों गुमला, सिमडेगा,खूंटी, रांची, लोहरदगा में जिलावार सरकारी नौकरियों औ? पंचायत चुनाव में पिछड़ी जाति का आरक्षण शून्य कर दिया गया है जिसपर भी हेमंत सरकार को चाहिए कि इन पांच जिलो में पिछड़ी जातियों को उनके हक अधिकार हेतु जिलावार बैकलॉक नियुक्तियों एवं पंचायत चुनाव में आरक्षण देने का काम करे।कार्यक्रम में तेली समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष हरिशंकर साहू,रामवृत साहू,ओमप्रकाश साहू, नीरज साहू, समाज के केंद्रीय सदस्य मृन्तुंजय नाग,भोला साहू,उदय प्रताप साहू,कृष्णा साहू, गोवर्धन साहू,नीलाम्बर साहू,देवी साहू,मुकेश ओहदार, लखन साहू,विवेक नाग,मंजीत नाग राम साहू,संजय नाग समेत अनेक छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के सदस्य थे।

## आदिवासी मूलवासी अल्पसंख्यकों के बीच खुशी की लहर



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** झारखंड की प्रगतिशील संवेदनशील गठबंधन की सरकार द्वारा कल कैबिनेट में स्थानीय नीति 1932 का खतियान लागू करने और 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने से राज्य में आदिवासी मूलवासी अल्पसंख्यकों के बीच खुशी की लहर है। गठबंधन की सरकार और कांग्रेस के घोषणा पत्र पर राज्य की जनता से किए गए एक-एक वायदे को पूरा किया जा रहा है। राज्य की आदिवासी और मूल वासियों का जो हक और अधिकार था उसे गठबंधन की सरकार ने पूरा किया। राज्य गठन के 22 वर्ष हो गए और ज्यादातर हमारे झारखंड राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही है,राज्य गठन से लेकर अब तक भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में आदिवासी मूलवासी भोली भाली जनता को ठगने का काम करते आयी है। चाहे वह 1932 का खतियान हो,27 फीसदी ओबीसी आरक्षण हो,आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका के मानदेय में वृद्धि हो,किसानों की ऋण माफी हो या पारा शिक्षकों का मानदेय वृद्धि करना हो। आज राज्य के मुखिया हेमंत के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार ने इन सारी समस्याओं को दूर कर राज्य के आदिवासी मूलवासी दलित पिछड़ी जाति के लोगों के चेहरे पर मुस्कान भरने का काम किया है। राज्य की जनता हेमंत के नेतृत्व और हमारे माननीय विधायक श्री भुशन बाडा जी एवं कांग्रेस गठबंधन की सरकार को प्रखंड कांग्रेस परिवार पालकोट तहे दिल से बधाई आभार एवं शुभकामनाएं देती है।

## एकदूसरे का मुंह मीठा कर खुशियां मनायी



**बसिया (आजाद सिपाही)।** राज्य मंत्रिमंडल द्वारा पारित स्थानीयता और आरक्षण के समर्थन में प्रखंड क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। गुरुवार शाम को कोनबीर स्थित स्वतंत्रता सेनानी खुदी चौक में लोगो द्वारा रंग गुलाल, आतिशबाजी और एकदूसरे का मुंह मीठा कर खुशियां मनाई गयी। इस दौरान लोगो ने 1932 के खतियान और आरक्षण को लेकर राज्य मंत्रिमंडल के फैसले की सराहना करते हुए नारेबाजी की गयी।मौके पर उपस्थित जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग,उपप्रमुख इंदुमती देवी,मुखिया एमलेन कुल्लू,1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के आंदोलनकारी नीरज साहू,पूर्व उपमुखिया विनोद राम,समाजसेवी मृन्तुंजय नाग द्वारा स्वतंत्रता सेनानी खुदी साहू के प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। इस मौके पर पप्पू सोनी, अमित बधवार,निकोलस सुरीन, अनुराग सोनी, आनंद सोनी, मन बहाल राम, कुलवंत साहू, विवेक साहू, संतोष मिश्रा समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाइक-कैसवैन में टक्कर, एक की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के महुआडीपा राईस एंड साइन पब्लिक स्कूल के समीप एनएच में बाइक व बैंक कैश वैन (बोलेरो) की जोरदार टक्कर में नवाटोली सिसई निवासी पिता महादेव उरांव के पुत्र सुबास उरांव (24) की शुक्रवार को मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों से घटना की सूचना मिलते ही थानेदार आदित्य कुमार चौधरी मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आए। समाचार लिखे जाने तक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजें जाने की तैयारी चल रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने बाईक जेएच 01 डीएल 6990 से भरनो की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरित दिशा से आ रही बैंक कैश वैन (बोलेरो) जे एच 01डीएन 7029 के बीच सीधी टक्कर हो गई। जिससे घटनास्थल पर ही बाइक सवार सुबास की मृत्यु हो गई। मृतक बाइक में अकेले था, उसे शरीर सहित सिर में गंभीर चोट आई थी, हेलमेट पहने होने से शायद उसकी जान बच सकती थी। सुबास उरांव तीन दिन पहले ही अपनी पत्नी के साथ गोवा से घर लौटा था। मृतक की नव विवाहिता पत्नी व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सम्मान समारोह का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** वेस्कोट पब्लिक स्कूल घाघरा के द्वारा शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। बाद में विद्यालय के बच्चे-बच्चियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही पारंपरिक नृत्य गान के साथ थानेदार का स्वागत किया गया। विद्यालय के निदेशक विक्की एंथोनी ने कहा समाज को सुरक्षित रखने में थानेदार अमित कुमार चौधरी के साथ-साथ पूरा पुलिस परिवार की अहम भूमिका रहता है। पुलिस अपने आप व अपने परिवार को ना सोचते हुए दिन रात हमारी सेवा में तत्पर रहते है। यही हमारे जीवन के रियल हीरो है। थानेदार अमित कुमार चौधरी ने विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया साथ ही विद्यार्थियों से बात की और कहा लक्ष्य निर्धारण कर पढ़ाई को इमानदारी पूर्वक रूटीन बनाकर करें हर सफल विद्यार्थी के पीछे ईमानदारी व लक्ष्य निर्धारण देखने को मिलता है। आप युवा देश के भविष्य हैं, आपके कंधों पर देश का पूरा दारोमदार है। साथ ही उन्होंने डायन बिसाही जैसे कुप्रथा को खत्म करने की बातें कहीं और विद्यार्थियों से अपने गांव घर टोले मोहल्ले में जाकर लोगों को जागरूक करने का आग्रह भी किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से थानेदार अमित कुमार चौधरी, विद्यालय के निदेशक विक्की एंथोनी, संजीत साहू, विशाल कुमार, रुचिका कुमारी, नेहा कुमारी, पूजा कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बारवे उच्च विद्यालय की टीम ने फाइनल में जगह बनायी

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय सुब्रतो मुखर्जी कप टूर्नामेंट में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रही चैनपुर प्रखंड के बारवे उच्च विद्यालय की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनायी। हालांकि टीम पेनाल्टी कॉर्नर मिलने के कारण 2-0 से पिछड़ गई। झारखंड का नेतृत्व करने वाली टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए बेस्ट कोच शंभूनाथ उरांव को 25 हजार का चेक वही बेस्ट प्लेयर आकाश मारदी को 40 हजार व पूरे टीम को कप और 1 लाख 25 हजार का पुरस्कार मिला है। पूरे देश में झारखंड का नाम रोशन करने वाली बरवे उच्च विद्यालय की टीम को प्रखंड वासियों ने सराहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर राजेंद्र तिर्की व फा. अजीत कहा के अखिल भारतीय सुब्रतो मुखर्जी कप टूर्नामेंट में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रही बरवे उच्च विद्यालय की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

### शहर और आसपास के पूजा पंडालों के पदाधिकारियों की बैठक

# शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा उल्लास से मनाये जाने को लेकर हुआ विमर्श

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा सौल्लास मनाये जाने को लेकर श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के प्रागंण में शहर और आसपास के पूजा पंडालों के पदाधिकारियों की बैठक अयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार गोयल ने की।प्रारंभ में समिति के सचिव रमेश कुमार ₹चीनी₹ के द्वारा आगत पूजा समिति के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए सुझाव एवं समस्याओं से अवगत कराने का आग्रह किया गया। बैठक में विभिन्न पूजा समिति के पदाधिकारियों के द्वारा पूजा के दौरान शहरी क्षेत्र सहित पूजा स्थल के आसपास साफ सफाई अभियान रुप में कराया जाये। शहर के मुख्य मार्गों सहित मुहल्ले की सड़कों में कई जगह बड़े बड़े गढ़े हो गये है, जिन्हें डस्ट से भरवा दिया जाय। सप्तमी से लेकर नवमी तक तथा विजयादशमी के दिन मुख्य पथों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है, इस दौरान शहर में नो इंटी का सख्ती से पालन किया जाये। बैठक में पूजा समिति के पदाधिकारियों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर बिजली के लुंजपुंज तारों को दुरुस्थ करने और झुके हुए पेड़ के टहनियों को पूजा से पहले कटवाने की दिशा कारवाई करने के लिये जिला प्रशासन से अनुरोध करने का निर्णय लिया गया। साथ हीं सभी पूजा पंडालों में पेयजल का टैंकर उपलब्ध हो और सुरक्षा के चाकचौबंद व्यवस्था हो इस ओर भी प्रशासन का ध्यानाकृष्ट किया जाये। श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के सचिव रमेश कुमार 'चीनी' द्वारा उपरोक्त बातों को पुरजोर ढ़ंग से जिला प्रशासन के समक्ष रखने की बात कही गयी।



### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में बदरी कुमार गुलशन,ओम प्रकाश साहु,द्वारिका मिश्र ₹सुमन,₹ रुपेश भगत,अवधेश गोप,रविन्द्र प्रसाद साहु,दिलीप कुमार जायसवाल, रुपक कुमार साहु,राजेश कुमार सिंह,आदित्य गुप्ता,कमल सिंह, लक्ष्मी कांत बड़ाईक, आकाश कुमार पुरी,दिपक सिंह,शंशाक कुमार सिंह,बबलु कुमार वर्मा,राकेश सिंह, काशी नाथ चक्रवर्ती, नितेश सिंह, अभय मिश्रा, राजकुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छता लीग को लेकर नगर परिषद ने पोस्टर किया रिलीज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** देश भर में चलने वाली स्वच्छता लीग में गुमला नगर परिषद की भागीदारी 'गुमला ग्लेडिएटर्स' नाम से होगी। गुमला के स्वच्छता प्रेमी प्रबुद्ध लोग मिलकर गंदगी के विरुद्ध योद्धा की भूमिका निभायेंगे, इसलिए टीम का नाम 'गुमला ग्लेडिएटर्स' रखा गया है। उक्त टीम का पोस्टर कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने शुक्रवार को अपने सभाकक्ष में जारी किया। इस दौरान सभी कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

### 15 दिन लगातार चलेंगे स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम

संजय कुमार ने बताया कि देश भर के 1800 शहरों में इस लीग के तहत विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। उसी क्रम में गुमला नगर परिषद में भी विभिन्न आयोजन किये जायेंगे।



### शहर के पांच लोग बने स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर

नगर परिषद की स्वच्छता गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने तथा शहर में एक सकारात्मक माहौल बनाने के लिए कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े पांच लोगों को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर मनोनीत किया है। इन पांच लोगों में शहर के साहित्यकार एवं चित्रकार अजय किशोर नाथ पांडे, कवयित्री रूपाश्री शर्मा, फुटबॉल खिलाड़ी सुबीर कुजूर, फैशन डिजाइनर रितिका कुमारी, योगा प्रशिक्षक का काजल कुमारी शामिल है।

### स्वच्छता लीग का आगाज आज से

बताया कि कल शनिवार को गुमला ग्लेडिएटर्स टीम के द्वारा शहर में स्वच्छता लीग का आगाज टाउन हॉल परिसर में एक कार्यक्रम के साथ शुरू किया जायेगा।

## लाभुकों का बयान दर्ज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के रौशनी महिला मंडल पीडीएस दुकानदार के द्वारा जुन, जुलाई व अगस्त महीने का राशन गबन करने का कार्डधारियों के द्वारा डीएसओ गुमला को शिकायत दर्ज कराने के बाद शुक्रवार को डीएसओ गुलाम समदानी के द्वारा गांव पहुंचकर लाभुकों से बयान दर्ज किया। जांच के दौरान आरोप सही पाये जाने पर डीएसओ द्वारा तत्काल राशन दुकान को निलंबित कर दिया गया। वहीं उन्होंने एमओ सह सीओ को पीडीएस दुकानदार को उठाव किये गये राशन को वितरण कराने और वितरण नहीं करने पर संबंधित पीडीएस महिला समूह पर कानूनी कार्रवाई कराने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रौशनी पीडीएस दुकानदार के अध्यक्ष जयंती देवी पुर्व मुखिया हैं, वर्तमान में इनके पति पंचायत के मुखिया एवं जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष हैं। पूर्व में भी राशन दुकान के द्वारा दिसंबर, जनवरी, फरवरी माह का 73 कार्डधारकों का राशन गबन किया गया था। कार्डधारियों द्वारा अंचल अधिकारी व डीएसओ को इसकी शिकायत की गई थी, लेकिन इसपर कोई कार्रवाई नही की गई थी।

### कांग्रेसियों ने बैठक कर भारत जोड़ो यात्रा की बनायी रूपरेखा

# राज्य सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी पदयात्रा: रोशन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रोशन बरवा की अध्यक्षता में स्थानीय परिसदन में कांग्रेस का बैठक बुलाई गई। जिसमे कांग्रेस का देशब्यापी कार्यक्रम भारत जोड़ो यात्रा को जिला के सभी प्रखंडों पंचायत व बूथ स्तर तक पदयात्रा आयोजित कर देश मे बढ़ती महंगाई बेरोजगारी टूटती सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों को जनता के बीच ले जाने की रणनीति बनाई गई। इस पदयात्रा झारखंड के माध्यम से सरकार द्वारा राज्य हित मे लिए गए निर्णयों को जनता के बीच पहुंचने का काम भी किया जायेगा। जिसके लिए सभी प्रखंड मुख्यालय में पदयात्रा का रूट निर्धारित किया गया है जिसमे राज्य के वित्त मंत्री, प्रदेश नेतृत्व एवं वरिष्ठ नेताओं भी उक्त पदयात्रा में शामिल होंगे। पदयात्रा हेतु सभी प्रखंड में प्रभारियों व पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। यह पादयात्रा गुमला जिला में 22 सितंबर से शुरू होगी। जिसके तहत 22 सितंबर को डुमरी प्रखंड के उदनी से जैरागी तक, 23 सितंबर को घाघरा प्रखंड के सेहल पंचायत से शिवराजपुर तक, 24 सितंबर को बसिया प्रखंड में कोनबीर पंचायत, कलिगा पंचायत से मोरेंग पंचायत तक, 27 सितंबर को सिसई प्रखंड छारदा पंचायत, 28 सितंबर कामडारा प्रखंड का कुलबुरु पंचायत, 29 सितंबर को चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा एवं चैनपुर पंचायत, 30 सितंबर को भरनो प्रखंड के तुरिअंबा पंचायत एवं 8 अक्टूबर को रायडीह प्रखंड में नवागढ़, केपुर, जॉरजटा पंचायत में भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन होगा।

### बैठक में ये रहे मौजूद थे

बैठक में मुख्य रूप से चुमनु उरांव, राजनील टिग्गा, मुरली मनोहर प्रसाद, आशिक अंसारी, रोहित उरांव, भुनेश्वर राम,अमृता भगत, मोख्तर आलम,अल्बर्ट टिग्गा, अजित गुड़िया, भीयाराम उरांव, अरुण गुप्ता, राजु भगत, अनिल कुमार साहू, रघुनंदन प्रसाद, राजेश टोप्पो, राजेश्वर एक्क्का, प्रदीप टिग्गा, चंद्रशेखर उरांव, रोहित उरांव, सुनीता टोपनो, जय सिंह डॉ. असरफ, सगीर आलम, अरुण गुप्ता, अजय साहू, बसंत, साहू, दीपक साहू, अजित केरकेट्टा सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 10 प्रशिक्षण प्राप्त युवकों को सूरत भेजा

**सिसई (आजाद सिपाही)।** एसएसबी सिक्योरिटी एजेंसी कुदरा मोड़ के द्वारा 10 प्रशिक्षण प्राप्त युवकों को सिक्योरिटी गार्ड के रूप में शुक्रवार को गुजरात के सुरत भेजा गया। सूरत जाने वालों में उमड़ानकटी, पालकोट के राम साहू, रामजीत साहू, गेरेटोली पुटो, घाघरा के कोमपाल राज किंडो, तिलासीरी, घाघरा के निरानतन किण्डो, पंथा बसिया के देवमन उरांव, सरईटोली सिसई के उमेश उरांव, सिसई के कृष्णा उरांव, कोरांबे, सेन्हा के सुखदेव उरांव व धनसा उरांव और अल्गुडी, भरनो के रंजीत उरांव शामिल है। एजेंसी मैनेजर सतेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा गार्ड व सेना भर्ती हेतू प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण उपरांत देश के विभिन्न राज्यों की कंपनियों सिक्योरिटी गार्ड के रूप में रोजगार मुहैया कराया जाता है।

## दो खाताधारकों के खाते से रुपये उड़ाये

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में साइबर क्राइम के द्वारा दो खाताधारकों के खाते रुपया उड़ाने का मामला प्रकाश में आया है। पहला मामला ड़ाडहा गांव के हीरा लाल बड़ाइक का है, जिनका खाता 456910510004383 बैंक ऑफ इंडिया सिसई शाखा में है। हीरालाल ने बताया कि वह 5 जुलाई को डाडहा स्थित आंनलाईन पेमेंट सेंटर से 2020 रुपये की निकासी किया। 12 सितंबर को वह दुबारा रुपया निकालने के लिए बैंक गया तो बैंक द्वारा जानकारी दी गई कि उसके खाते में रुपया नहीं है।जबकि मेरे खाते में 1 लाख 13 हजार 416 रुपया शेष था। स्टेटमेंट से पता चला कि 6 जुलाई से 14 जुलाई के बीच 11 बार 10-10 हजार मेरे खाते से निकासी किया गया है। बैंक कर्मियों द्वारा भी कोई विशेष जानकारी उपलब्ध नही दी जा रही है। दूसरा मामला कुदरा मोड़ निवासी देवेंद्र साहू का है जिसका खाता संख्या 11674019037 एसबीआइ सिसई में है। जिसके खाते से बीते 14 सितंबर 2022 को 9999 रुपए व 15 सितंबर की सुबह 8.02 बजे दुबारा 9999 रुपये खाते से निकासी का मैसेज आने पर अपने बैंक शाखा से संपर्क कर खाता से सभी निकासी को बंद करने का आवेदन दिया गया। वहीं देवेंद्र साहू द्वारा साइबर सेल, रांची के टोल फ्री नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि लोगों को सतर्कता बरतने की जरूरत है। मोबाइल में फ्राड फोन कॉल या मैसेज पर अपनी निजी जानकारियां, आधार कार्ड नंबर, बैंक खाता से संबंधित जानकारी,एटीएम कार्ड नंबर या पिन कोड आदि जानकारी न शेयर करें। ऐसे किसी भी अंजान कॉल या मैसेज आने या खाते से बिना जानकारी निकासी होने की सूचना तत्काल अपने संबंधित बैंक और साइबर सेल के टॉल फ्री नंबर 1930 व 155207 पर दें। जिससे की ऐसे अपराध को रोका जा सके और लोगों की जमा पूंजी सुरक्षित रहे।

## महिलाओं को सशक्त होना होगा: भूषण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव गुमला की बैठक महिला जिला सचिव सैयदा खातून की अध्यक्षता में खड़ियापडा में हुई। इस अवसर पर भूषण भगत ने कहा कि सभी महिला समूहों को आर्थिक सशक्तिकरण के लिये छोटे छोटे उद्योगों एवं कुटीर उद्योग एवं लघु उद्योगों से जोड़ा जाएगा। इसके लिये सभी महिलाओं को प्रशिक्षित भी कराया जायेगा और बहुत जल्द सभी महिलाओं के लिये प्रशिक्षण भी आयोजित किया जायेगा। इसके लिये कई और संगठन को कॉर्डिनेट भी किया जा रहा है।मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातून ने कहा कि जब तब तक महिलाएं सशक्त नही होगी तब तक समाज का में स्वास्थ्य माहौल नहीं बनाया जा सकता और उन्नत समाज का कल्पना भी नहीं किया जा सकता है।इसलिये सभी महिलाओं को आर्थिक रूप से उन्नत होना जरूरी है।।उन्नति की ओर महिलाएं जाएंगी तो प्रगतिशील समाज का निर्माण होगा। अगर सभी महिलाएं एकजुटता के साथ समाज को बढ़ाने का निर्णय ले तो समाज की दशा और दिशा बदल सकती है। इस बैठक का समन्वय बेरोनिका बड़ा ने किया। मौके पर सोशन कुजूर, ललिता देवी,नीलम मिंज, किरण लकड़ा,निमन झरिया बड़ा, सीमा देवी,शांति एक्का,तर्जेन मिंज, टेरेसा लकड़ा,ओडील मिंज,प्रेम मिंज,उपस्थित थे।

## उपायुक्त से की मृतक के शव को चेन्नई से लाने की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह भाकपा ( माले ) रेड स्टार के गुमला जिला प्रभारी प्रकाश उरांव व झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने संयुक्त रूप से गुमला उपायुक्त व श्रम अधीक्षक गुमला से घाघरा प्रखंड के अरंगी जामटोली निवासी गरीब मजदूर मृतक कार्तिक उरांव का शव चेन्नई से शीघ्र गांव लाकर परिजनों को सौंपने का आग्रह किया है । नेताओं ने मजदूर कार्तिक उरांव की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट करते हुए यह भी कहा है कि हमारे गरीब मजदूर रोजी-रोटी की तलाश में बाहर अन्य प्रदेश जाते हैं और उनकी मृत्यु हो जाती है । सबसे अमीर राज्य झारखंड के मजदूर की यह दशा देख यहां की सरकार को लज्जा आती है कि नहीं यह तो सरकार ही जाने , लेकिन प्रवासी मजदूर कार्तिक उरांव जैसे दर्जनों की संख्या में जिले के मजदूरों की मौत प्रदेश के बाहर हुई है उन्हें उनका हक मरणोपरांत मिलना चाहिए तभी उनके परिजनों को न्याय मिलेगा। झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ा मजदूर यूनियन व भाकपा (माले) रेड स्टार राज्य सरकार से मांग करती है कि मृतक मजदूर कार्तिक उरांव सहित गुमला जिला के बाहर जा कर मरने वाले सभी मजदूरों को सरकार लेबर एक्ट के तहत कम से कम पांच लाख रुपए बतौर मुआवजा दे। नेताओं ने यह भी कहा है कि मजदूरों के परिजनों को अगर सरकार मुआवजा नहीं देती है और उनके छोटे-छोटे बाल बच्चों का लालन-पालन का ख्याल नहीं रखती है तो मजदूर हित में मजदूरों को लेकर पार्टी आंदोलन करेगी। विदित हो कि इस संबंध में झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने गुमला के श्रम अधीक्षक से दूरभाष पर बात करते हुए इस मामले को पूरी गंभीरता से लेने की बात कही है।

## सात किलो गांजे के साथ दो युवक पकड़ाये, पुलिस ने दोनों को भेजा जेल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में दो गांजा तस्कर गुमला पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने गांजे की खरीद बिक्री करने वाले दो युवकों को सात किलो गांजे के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में शुक्रवार को गुमला 'थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि गुमला पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति गांजे की खरीद बिक्री के लिये लोहरदगा रोड स्थित पुराना बस स्टैंड के पास मिलने वाले हैं। सूचना मिलते ही आनन फानन एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा पुराना बस स्टैंड में गांजा तस्करों की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी की गई। इसी दौरान गांजा की खरीद बिक्री करते दो युवकों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों में से एक ने अपना नाम वरुण सिंह बताया जो बरगांव टेंसेरा का निवासी निकला। 37 वर्षीय वरूण सिंह के पास से पुलिस ने एक किलो गांजा बरामद किया। वरूण ने पुलिस को बताया कि गांजा शहर के गोकुल नगर निवासी 45 वर्षीय विजय केसरी ने उसे लाकर दिया है। पुलिस ने विजय केसारी के निशानदेही पर गोकुल नगर स्थित उसके आवास में छुपाकर रखा छह किलो गांजा बरामद किया। यहां बता दें कि गिरफ्तार विजय केसरी का पहले से ही अपराधिक इतिहास रहा है। अभी भी कई आपराधिक मामले न्यायलय में लंबित है। एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि पर्व त्योहार को देखते हुए गुमला मादक पदार्थ के खिलाफ गुमला पुलिस विशेष छापामारी अभियान चला रही है । इस छापामारी में पुअनि विमल कुमार, पुअनि मो. मोजम्मील वएवं सशस्त्र बल के कई जवान शामिल थे। पुलिस के द्वारा लगातर चलाया जा रहा छापेमारी अभियान से नशे के सौदागरों के बीच खलबली मची हुई है।

